08.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कल–मतदान के बाद कल ही नतीजा घोषित किया जाएगा।

○ राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बैंच ने एकल खंडपीठ के एसआई भर्ती रद्द करने के आदेश पर रोक लगाई।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मसाला कॉनक्लेव में कहा–स्थानीय स्तर पर ही खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाएगा।

○ जालौर, सिरोही, बाड़मेर और जैसलमेर में आज कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार–कल से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज़ बरसात की गतिविधियों में कमी का अनुमान।

000

उपराष्ट्रपति पद के लिए कल चुनाव होगा। इस चुनाव के लिए एनडीए क प्रत्याशी महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी हैं। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाला निर्वाचक मंडल करता है। वर्तमान में, लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सदस्य हैं। इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। चुनाव के बाद ही कल शाम को ही नतीजा घोषित कर दिया जाएगा। इस साल जुलाई में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भाजपा और एनडीए सांसदों की प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में भाग ले रहे हैं। संसद परिसर के बालयोगी सभागार में दो दिन की ये कार्यशाला कल से शुरू हुई। इस दौरान सांसदों और पार्टी नेताओं ने विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने एसआई भर्ती रद्द करने के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत की एकल पीठ ने इस भर्ती को रद्द करने का आदेश दिया था। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और संजीत पुरोहित की खंडपीठ का कहना है कि जब तक मामले पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक एकल पीठ के आदेश की क्रियान्विती पर रोक रहेगी। सब इंस्पेक्टर्स की ओर से पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर ने बताया कि ये फैसला अमर सिंह और अन्य की याचिकाओं पर दिया गया।

000

राज्य विधानसभा ने आज हंगामे के बीच ही दो विधेयक पारित कर दिये। शून्यकाल में विधायक सुरेश मोदी ने अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मंत्री से वक्तव्य दिलाने की मांग की। श्री जूली ने कहा कि केवल एक विधानसभा में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी हुई है। उन्होंने सरकार की ओर से इस पर व्यक्तव्य देने की मांग की। सरकार की ओर से वक्तव्य नहीं आने पर कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और सदस्य वैल में आकर नारेबाज़ी करने लगे। लगातार विरोध के कारण सदन की कार्यवाही को बार–बार स्थगित करना पड़ा। शाम चार बजे तक सदन की कार्रवाई सुचारू नहीं हो सकी। हालांकि भोजन अवकाश के तुरंत बाद सदन में हंगामे के बीच राजस्थान मत्स्य क्षेत्र संशोधन विधेयक 2025 को सदन ने पास कर दिया। इस विधेयक में मछलियों का अवैध शिकार करने पर

लगने वाले जुर्माने को बढ़ाने का प्रावधान है। इसके बाद राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान जयपुर विधेयक 2025 को भी विपक्ष के हंगामे के बीच पास कर दिया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद श्री बागड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर विकास के विभिन्न विषयों पर संवाद किया। श्री मोदी ने राज्यपाल बागड़े के एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना की। इसके साथ ही राज्यपाल की ओर से डेयरी, सहकारिता और प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे कामों को महत्वपूर्ण बताया। श्री बागड़े ने कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से भी मुलाकात की।

000

जीएसटी परिषद ने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी है। जीएसटी सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरें कम करके आम लोगों के जीवन को आसान बनाने का प्रयास किया है। आज हम बात करेंगे, वस्त्र उद्योग की। इससे वस्त्रों की उत्पादन लागत कम होगी। घरेलू खपत और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी सुधारों से रेशा, सूत और कपड़ा सस्ता होगा। वहीं सिलाई मशीनों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वस्त्र नगरी भीलवाड़ा ट्रेड फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रेम स्वरूप गर्ग ने बताया कि ये सुधार हमारी समृद्ध वस्त्र विरासत को संरक्षित करेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से खेती के साथ डेयरी और मसाला उद्योग से जुड़ने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर ही प्रयास करेगी। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित राजस्थान मसाला कॉनक्लेव 2025 में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में कई तरह के मसालों का उत्पादन होता है। ज़ीरा और ईसबगोल उत्पादन में राजस्थान अग्रणी है।

000

मुख्यमंत्री ने 226 करोड़ रुपये के 143 निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें फूड पार्क और इन्क्यूबेशन सेंटर भी शामिल हैं। समारोह में कृषि विपणन बोर्ड की ओर से तैयार किया गया राज स्पाइस एप भी जारी किया गया। कॉनक्लेव में मसाला उत्पादकों, विक्रेताओं, सहकारी संस्थाओं और प्रसंस्करणकर्ताओं ने भाग लिया।

000

प्रदेश के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज समीक्षा बैठक ले रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में हो रही इस बैठक में जिला प्रभारी मंत्री और जिला प्रभारी सचिव भाग ले रहे हैं। पिछले तीन दिनों में मंत्रियों और सचिवों ने अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर भारी बरसात से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया है। इनके फीडबैक के आधार पर ही प्रभावितों को नुकसान की भरपाई के लिए कार्ययोजना तय की जाएगी। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज अजमेर जिले के बोराज गांव का दौरा किया। वहीं उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई ने सिरोही में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।

000

मौसम

जालौर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और आस–पास के जिलों में आज तेज हवाओं के साथ कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं राज्य के बाकी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात के आसार हैं। मौसम विभाग ने कल भी जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही अधिकतर भागों में अगले एक सप्ताह बारिश की गतिविधियों में कमी का अनुमान है।

इस बीच, आज बाड़मेर में दिनभर तूफानी हवाओं के साथ बरसात का दौर चला। वहीं बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश दर्ज हुई। सबसे ज्यादा 25 सेंटीमीटर

पानी माउंट आबू में बरसा। तेज बारिश से सड़क क्षतिग्रस्त होने से सैलानियों को आबूरोड़ से मांउट आबू जाने नहीं दिया जा रहा है।
सवाईमाधोपुर में बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। हालांकि बीसलपुर बांध से हो रही निकासी से बनास नदी में पानी की आवक बढ़ गई है। जल स्तर के बढ़ने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क कटा हुआ है। वहीं पाली के जवाई बांध से अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। बेड़ा नदी से पानी आना जारी है। बालोतरा में लूणी नदी में लगातार पानी आने से सांचौर और जालौर का रास्ता बंद कर दिया गया है। श्रीगंगानगर में घग्घर नदी में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए सूरतगढ़, विजयनगर और अनूपगढ़ के सभी स्कूल और कॉलेजों में आज और कल अवकाश घोषित किया गया है।

**000**

आज विश्व फिज़ियोथैरेपी दिवस है। पूरी दुनिया में हर साल फिज़ियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका को बताने और इसके फायदों के बारे में जागरुक करने के लिए आठ सितम्बर का दिन समर्पित है।

**000**

आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। ये दिन साक्षरता की बदलाव लाने वाली ताकत को दर्शाता है। इसके साथ ही शिक्षा को मौलिक मानवाधिकार के रूप में सुनिश्चित करने की विश्व की प्रतिबद्धता दोहराता है। साक्षरता पढ़ने–लिखने के साथ सशक्त बनाने, अधिकारों को समझने और समानता के साथ जीने का आधार भी है।
इस साल की थीम ''डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना'' तय की गई है। इसका उद्देश्य लोगों को डिजिटल उपकरणों और ऑनलाइन जानकारी को समझने और उसका सुरक्षित उपयोग करने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर श्रीगंगानगर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति सेवा और विश्व कल्याण की है।

**000**